हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार, 14 सितंबर 2024
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड






## खबर संक्षेप



### मौरीकला में डीजे डांस प्रतियोगिता आज

**सिर्री।** ग्राम मौरीकला (गुफा) में समर्पण युवा संगठन, नवयुवक गणेशोत्सव समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से 14 सितंबर को भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता एवं संगीतमय रामचरित मानसगान का आयोजन रखा गया है। प्रथम मंडली के रूप में नवज्योति मानस परिवार मौरीकला, रामसिया मानस परिवार कोटगांव, रघुवर मानस परिवार परखंदा, जय मां विंध्यासिनी बालिका मानस परिवार बोड़रा (धनेली) बालोद अपनी प्रस्तुति देगी। इसके अलावा रात्रिकालीन डीजे डांस प्रतियोगिता का कार्यक्रम रखा गया है। सामूहिक नृत्य में प्रवेश शुल्क 251 और युगल में 151रुपए एवं एकल में 101 रुपए निर्धारित है। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 8001 रूपये, द्वितीय 6001 रूपये, तृतीय 3001 रुपए, चतुर्थ 2001 रूपये और पंचम पुरस्कार 1001 रुपए रखा गया है। युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 4001 रूपये, द्वितीय 3001 रूपये, तृतीय 2001 रूपये, चतुर्थ 1001 रूपये और पंचम पुरस्कार 501रुपए हैं। एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 2501 रूपये, द्वितीय 1501 रूपये, तृतीय 1001 रूपये, चतुर्थ , 701 रूपये, पंचम पुरस्कार 501 निर्धारित है। यह जानकारी समिति अध्यक्ष नरेश साहू एवं उपाध्यक्ष राधेश्याम साहू ने दी।

### गातापार में प्रदेश स्तरीय डीजे डांस आज



**जीजामगांव।** मुस्कान गणेश उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से नवीन गातापार में राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता 10 सितंबर मंगलवार को आयोजित की गई थी लेकिन बारिश होने के कारण प्रतियोगिता 14 सितंबर शनिवार को होगी। प्रतियोगिता में विजय प्रतिभागी मंडलियों को पुरस्कृत किया जाएगा। मुख्य अतिथि मिथिलेश सिंह कुंजाम, मालकराम साहू होंगे। अध्यक्षता नारदराम साहू करेंगे। विशेष अतिथि झम्मनलाल साहू, शारदा लोकनाथ साहू, रघुनंदन साहू, सुनील गायकवाड़, देवकी आशा रात्रे, भागीरथी ध्रुव, प्रीतिराम नायक, केदारसिंह कुंजाम, नानक राम तारक, शेखनलाल साहू, दुकालूराम साहू, छन्नूलाल साहू, मंशाराम चतुर्वेदी, भुनेश्वर साहू, कैलाश मनहरे, सोनसाय ध्रुव, शोभाराम पटेल, दिलीप साहू, झागेश्वर ध्रुव, मेहुल पटेल होंगे। मंच संचालन निरंजन साहू एवं उर्मिला निषाद पाटन करेंगे। आयोजन की तैयारी में अध्यक्ष धनीराम साहू, उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, सचिव पारथसिंह कुंजाम, कोषाध्यक्ष गुलशन साहू, संरक्षक केशव साहू धनंजय ध्रुव, सलाहकार गुमानसिंग साहू, रेखराम यादव, सहसचिव हेमंत साहू, खेमराज यादव सहित अन्य जुटे हुए हैं।

करेली बड़ी स्कूल में वार्षिक पत्रिका हमारा अपना परिवार का हुआ विमोचन

# शालेय पत्रिका से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है : मनीष

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

■ बाल कवियों ने काव्य पाठ से समा बांधा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी में वार्षिक पत्रिका हमारा 'अपना' परिवार का विमोचन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीईओ मनीष कुमार ध्रुव, विशिष्ट अतिथि स्त्रोत समन्वयक तामेश्वर सिंह ठाकुर, प्रसिद्ध व्यंग्यकार संतोष सेन, जनपद सदस्य संतोष साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष महेंद्र साहू, सरपंच डोमार सिंह साहू थे। अध्यक्षता प्राचार्य किशोर कुमार जांगड़े ने की। मंच का संचालन करते हुए जितेंद्र सुकुमार साहिर ने बताया कि इस पत्रिका में शिक्षक एवं विद्यार्थियों द्वारा लिखित मौलिक आलेख, कविता, कहानी शामिल है। विद्यालय की गतिविधियों को पत्रिका में प्रमुखता के साथ स्थान दिया गया है। स्वागत भाषण मधु सिंह ने दिया। पत्रिका के संदर्भ में रूक्मणि बंछोर ने प्रकाश डाला। बाल कवि साक्षी सेन, हिना साहू, वंदना सेन, भारती साहू, विरम निषाद, नम्रता राव, कविता निषाद, दिनेश साहू, ईशा सेन, लीलम बघेल, निशा पाल, प्रीति साहू, गीतांजलि साहू, भावना साहू, नियति साहू ने अपने काव्य पाठ से माहौल में ताजगी भर दी।




इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनीष ध्रुव ने कहा कि विद्यार्थी जीवन अध्ययन, अध्यापन के लिए है। साहित्य के साथ आप पढ़ाई लिखाई में भी अव्वल रहे। विदयालय पत्रिका स्कूल के सर्वांगीण विकास को दर्शाता है।

### साहित्य समाज का दर्पण है

प्राचार्य किशोर जांगड़े ने कहा कि जिस प्रकार साहित्य समाज का दर्पण होता है ठीक उसी प्रकार हमारा अपना परिवार पत्रिका विद्यालय के वर्ष भर की गतिविधियों का दर्पण है। विशिष्ट अतिथि तामेश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि साहित्य से जो बच्चे जुड़े हैं, वह हमेशा जुड़े रहे और मेहनत करते रहें।

व्यंग्यकार संतोष सेन ने कहा कि साहित्य गूंगी जनता का वकील होता है। जब आम आदमी अपनी समस्याओं को शासन तक पहुंचने में असमर्थ रहता है तो उसे साहित्यकार की लेखनी पहुंचने का काम करती है। साहित्य वह मशाल है जो राजनीति के आगे चलता है।

### छात्र-छात्राओं को किया मोटिवेट

राजिम के कवि एवं साहित्यकार संतोष सोनकर मंडल ने छात्र-छात्राओं को मोटिवेट करते हुए कहा कि खूब पढ़िए और आगे बढ़िए। उन्होंने समय प्रबंधन पर जोर दिया। बच्चों को टॉप टेन में जगह बनाने के लिए पूरी तरह से प्रयास करने की बात कही। इस दौरान टापर बच्चों को 10 हजार की राशि देने की घोषणा भी हुई। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष महेंद्र साहू, सरपंच डोमार साहू, जनपद सदस्य संतोष साहू, श्रीराम साहू ने भी अपने विचार रखे।

मौके पर प्रधानपाठक दानीराम साहू, शिवशंकर साहू, मनोहरराम साहू, चंद्रहास साहू, कवलराम साहू, भागीरथी सोनकर, डिगेश्वर शिंडे, प्रदीपराम नन्वरे, मोहन ज्योति साहू, भोज साहू, चंदूलाल जामरे, नकुल भारती, भुनु निषाद, गैंदलाल साहू, सुकवारो बाई पंच, शिक्षक बृजेश देवांगन, यामिनी गायकवाड़, हर्षल चंद्राकर, दुर्गा सिन्हा, अवधराम साहू, पुनेश्वर प्रजापति, लुकेश्वरी ध्रुव, फगनी कमार, हेमदास मानिकपुरी मौजूद रहे। आभार व्यक्त दुर्गा सिन्हा ने किया।

# आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया गया वजन त्योहार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

■ कुपोषित बच्चों को पोषण आहार जरूर दें पालकगण

0 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों में पोषण स्तर को परखने नगर पंचायत कुरुद अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 में वजन त्योहार का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ नपं उपाध्यक्ष मंजु प्रमोद साहू, सभापति मनीष साहू ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।



विदित हो कि धमतरी जिले में कुछ बच्चे कुपोषण के शिकार हैं। कुपोषण के सही आकलन व कुपोषण की रोकथाम व निदान तथा नौनिहालों के पोषण स्तर को परखने प्रदेश सहित जिले में भी वजन त्योहार का आगाज स्वास्थ्य एवं महिला व बाल विकास द्वारा किया गया। आंगनबाड़ी में शून्य से छह वर्ष तक के बच्चों का वजन मापकर उसकी आयु के हिसाब से शरीर का ग्रोथ का पता लगाकर यह तय किया जायेगा कि बच्चा सुपोषित अथवा कुपोषित है। नौनिहालों के चलने वाले वजन त्योहार का नगर पंचायत के संजय नगर वार्ड क्रमांक 14 के आंगनबाड़ी केन्द्र में शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्रीमती साहू ने कहा कि नौनिहालों को समय -समय पर लगने वाले टीके अवश्य लगवाना चाहिए तथा बच्चे की स्वास्थ्य जांच भी करानी चाहिए। सभापति साहू ने कहा कि बच्चों को पोषक आहार देना चाहिए ताकि कोई भी बच्चा कुपोषण से ग्रसित न हो। इस अवसर पर पूर्व मंडी उपाध्यक्ष प्रमोद साहू, महिला व बाल विकास की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तुलसी सोनी, सहायिका डामिन साहू, मितानिन कमलेश्वरी सेन समेत बच्चों के साथ पालकगण उपस्थित थे।

## छिपली में बारिश से रोड खराब आवागमन में परेशानी



**नगरी।** ग्राम छिपली में बारिश से जगह-जगह रोड खराब हो गया है। ग्रामीण ग्राम पंचायत पंच, सरपंच को हर 5 साल में आवेदन दे कर थक चुके हैं। ग्राम पंचायत का इस ओर कोई कोई ध्यान नहीं है। सरपंच निर्माण समिति के पंच छोटी बस्ती के रोड को छोड़ कर बड़ी बस्ती में सीसी रोड बना रहे हैं पर हर मोहल्ले के छोटे-छोटे रोड को बनाने के लिए कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। ग्राम पंचायत सरपंच से दूरभाष से जानकारी लेने पर उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# विनोबा टीम ने किया टेंगना स्कूल का विजिट



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

विनोबा केंद्रीय समिति के सीईओ विश्वजीत पवार, रोहित मल्होत्रा विनोबा मेंटोर , प्रोग्राम मैनेजर भरत सिन्हा एवं बीआरसी आरएल साहू नगरी ने शासकीय प्राथमिक शाला टेंगना का विजिट कर शैक्षिक कार्यों, बागवानी, किचन गार्डन, प्रिंटरिच वातावरण व शिक्षकों के नवाचारी शैक्षिक गतिविधियों की समीक्षा कर प्रसन्नता व्यक्त की। स्कूली बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता व शाला विकास पर प्रधानपाठक ममता प्रजापति व शिक्षकों से चर्चा की।

विनोबा टीम के अधिकारियों ने विगत दो माह से जिला स्तरीय व ब्लॉक स्तरीय पोस्ट ऑफ़ मंथ में सम्मानित शिक्षक संतोष बांधव द्वारा विनोबा एप्प में किए गए शैक्षिक कार्यों को और बेहतर बनाने के सुझाव दिए। कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में संचालित आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम में अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्यों को एक दूसरे से साझा करने का एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसमें धमतरी जिले के सभी शिक्षकों को जोड़कर कार्य करने में मदद मिलती है साथ ही हर माह विजेता शिक्षक शिक्षिकाओं को विनोबा सम्मान व पुरस्कार भी प्रदान किया जाता है।

# कैंसर से डरने की जरूरत नहीं है बल्कि इसे जानना जरूरी है : डॉ. सौरभ

कन्या महाविद्यालय में सर्वाइकल कैंसर पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में सर्वाइकल कैंसर तथा स्तन कैंसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम रोटरी क्लब एवं इनरव्हील क्लब के तत्वावधान में हुआ।




कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. डीआर चौधरी ने कहा कि स्वास्थ्य जैविक सामजिक और सांस्कृतिक पहलुओं से मिलकर बना होने के कारण यह एक बहुआयामी संकल्पना है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। भारत सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने का प्रयास किया है। कैंसर एक वैश्विक बीमारी है और तेजी से फैल रही है। दुनियाभर की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली इस मुद्दे से निपटने के लिए कड़ी चुनौतियों का सामना कर रही है। अजीत खंडेलवाल अध्यक्ष रोटरी क्लब ने कहा कि जागरूकता कार्यक्रम होते रहना चाहिए।

मुख्य वक्ता डॉ. सौरभ जैन सर्जन रामकृष्ण केयर अस्पताल ने कहा कि डब्लूएचओ के अनुसार कैंसर दूसरी सबसे घातक बीमारी है जो मौत का कारण बनती है। महिलाओं में स्तन कैंसर और गर्भाशय मुख का कैंसर रोकथाम और इलाज योग्य है। परंतु जानकारी के अभाव में महिलाओं का जीवन दुष्कर हो जाता है। कैंसर का नाम सुनकर लोग डर जाते हैं लेकिन हमें इससे डरने की जरूरत नहीं है बल्कि जानना जरूरी है।

ज्ञात हो कि डॉ. सौरभ ने टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुंबई से थोरेसिक सर्जिकल ऑकोलॉजी फैलोशिप प्राप्त की है। उन्होंने 500 से अधिक सर्जरी की है।

कार्यक्रम का संचालन पल्लवी जायसवाल सचिव रोटरी क्लब व आभार व्यक्त प्राध्यापक डॉ. रोहिणी मरकाम ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

आंगनबाड़ियों में दी गई सही-सही वृद्धि मापन और अनुश्रवण की जानकारी

# बच्चों के वजन, ऊंचाई, लंबाई की एंट्री जन्मतिथि के साथ पोषण ट्रेकर एप में होगी

■ 30 सितम्बर तक मनाया जायेगा राष्ट्रीय पोषण माह

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन 30 सितम्बर तक किया जा रहा है। इस दौरान एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर प्रशासन, पारदर्शिता और कुशल सेवा वितरण के लिए प्रौद्योगिकी और समग्र पोषण कार्यक्रम जिले में आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 11 सितम्बर को एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी के तहत पोस्ट ऑफिस वार्ड धमतरी में सही-सही वृद्धि मापन एवं अनुश्रवण के संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को जानकारी दी गई। इस अवसर पर बच्चों का वजन और वृद्धि मापन किया गया।






परियोजना अधिकारी श्रीमती चित्ररेखा यादव ने बताया कि आगामी दिनों में शहर के वार्डों में सभी शून्य से 6 साल तक के बच्चों का वजन, ऊंचाई, लंबाई को जन्मतिथि के साथ पोषण ट्रेकर एप में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा एंट्री की जाएगी। इससे सामान्य, मध्यम गंभीर एवं गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान होगी। बच्चे के नाटा या दुबलापन का भी चिन्हांकन किया जाएगा। वजन त्योहार में आंगनबाड़ी स्तर पर बच्चों का वृद्धि मापन पर्यवेक्षक, परियोजना अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया जाएगा। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग सहित यूनिसेफ द्वारा सहयोग दिया जाएगा। जिन बच्चों का वजन अति गंभीर कुपोषित श्रेणी में आएगा, उन्हें पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कर वजन व स्वास्थ्य सुधार किया जाएगा। इसके अलावा जिले के नगरी, मगरलोड, कुरूद स्थित आंगाबाड़ी केन्द्रों में भी पोषण संबंधी कार्यशाला, बच्चों का वजन और वृद्धि मापन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## अंचल की खबरें

### दरबा में आंगनबाड़ी भवन का भूमिपूजन



**जीजामगांव।** ग्राम दरबा में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 का भवन जर्जर हो चुका है। छत का प्लास्टर टूटकर गिर रहा है। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर सरपंच श्रीमती सीमा बघेल ने आंगनबाड़ी को राजीव गांधी सेवा केंद्र में शिफ्ट कराया, जहां विगत दो वर्ष से संचालित हो रहा है। सरपंच के विशेष प्रयास से नवीन आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति प्रशासन से मिली, जिसका भूमिपूजन शुक्रवार को पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती सीमा बघेल, उपसरपंच प्रहलाद सपहा, पंचगण कौषलेश आडिल, गुहलेद साहू, दिलीप देवांगन, युवराज भतपहरी, श्रीमती पद्मनी साहू, श्रीमती जामुन लहरे, श्रीमती संतोषी साहू, श्रीमती उमेश्वरी निर्मलकर, श्रीमती उर्मिला चेलक, श्रीमती ललिता सपहा, श्रीमती दुलेश्वरी साहू, श्रीमती पुष्पा लहरे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सोम साहू, ममता साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### कन्या शाला में 42 छात्राओं को साइकिल वितरित




**मगरलोड।** निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना अन्तर्गत शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय मगरलोड की कक्षा 9वीं में अध्ययनरत 42 पात्र छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य जनभागीदारी समिति अध्यक्ष हेमकुमारी चौहान, पार्षद झमित सिन्हा, रूक्मणि सिन्हा, विदम चौहान, प्रदीप यादव, शत्रुघ्न साहू, मिलन नेताम, प्राचार्य पनेश कुमार सेन उपस्थित थे। हेमकुमारी चौहान ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजना है जिसे विशेष रूप से छात्राओं की पढ़ाई को ध्यान में रखते हुए संचालित की जा रही है। सभी छात्राएं पूरी लगन से पढ़ाई करें और अच्छी सफलता प्राप्त कर माता-पिता व गुरुजनों का नाम रोशन करें।

### प्राचार्य ने दी छात्राओं को साइकिल की चाबी



**जीजामगांव।** शाउमावि करगा में कक्षा नवमी की नवप्रवेशी पात्र 15 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण मुख्य अतिथि पीएल साहू सेनि प्राचार्य, भूपेंद्र साहू अध्यक्ष शाला एसएमडीसी, हेमलाल बया सरपंच करगा, बीबी साहू प्राचार्य ने किया। छात्राओं को साइकिल की चाबी भेंट की गई। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र साहू ने कहा कि निःशुल्क साइकिल का वितरण निश्चित ही बालिकाओं के आवागमन को सरल बनाएगा। मौके पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य धनेश पटेल, छबिराम साहू, संतोषी साहू पूर्व सरपंच, भूपेंद्र साहू, प्रेमलाल साहू, रामसत्तू साहू, शिक्षक श्रीमती वाय. देवांगन, एन.साहू, श्रीमती डीएम साहू, एलके साहू, केएस श्रीवास, श्रीमती आर.पांडेय, श्रीमती के.पटेल, श्रीमती एस.मिश्रा, श्रीमती पीएम, एमके साहू, श्रीमती बी.साहू, श्रीमती ए.कौशिक मौजूद रहे।

### भुसरेंगा स्कूल में छात्राओं को बांटी साइकिल



**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय हाई स्कूल भुसरेंगा के शाला प्रांगण में क्लास 9वीं से 12वीं तक के छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर प्राचार्य श्रीमती सुनीता कोसरिया, एसएमडीसी अध्यक्ष भावेश चंद्राकर, सरपंच श्रीमती पुष्पा जीतू चंद्राकर, उपसरपंच पन्नालाल ध्रुव, कामता प्रसाद साहू, रोहित पटेल, श्रीमती गीता यादव लेक्चर, लता देवांगन, यशवंत सिन्हा, यदुनंदन साहू, शिक्षक कल्याण सिंह कोठरे मौजूद रहे। अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सिर्री में आज जगराता कार्यक्रम



**सिर्री।** जय बाल गणेशोत्सव समिति भाठापारा सिर्री द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। प्रतिदिन पूजा- आरती कर भक्तगण भगवान की सेवा में तल्लीन है। इस अवसर पर समिति के सदस्यों एवं मोहल्लेवासियों के सहयोग से 14 सितंबर को भाठापारा में जगराता कार्यक्रम आयोजित किया गया है। श्रीराम कृपा मानस परिवार गिरौद के गायक गीतेश साहू भजनों की झड़ी लगाएंगे। कार्यक्रम रात 8 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी चम्पेश्वर यादव, रूपल साहू, भेखराज निर्मलकर ने दी है।

### डांडेसरा स्कूल में हुआ न्योता भोज



**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय नवीन प्राथमिक एंव माध्यमिक शाला डांडेसरा में शिक्षक बृजभूषण बंजारे ने अपने जन्मदिन के अवसर पर शाला में न्योता भोज का आयोजन किया। इस दौरान शाला के छात्र-छात्राओं को भजिया एवं जलेबी परोसी गई। मौके पर संकुल समन्वयक भुनेश्वर साहू, प्रधानपाठक राजेश साहू, खेमिन साहू, शिक्षक सूर्यकांत साहू, किरण साहू, हेमलता कंवर, डिगेश्वरी साहू, चित्रकुमारी साहू, टिकेश्वर साहू उपस्थित थे।

तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 14 सितंबर 2024

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

13 नुआखाई जोहर पर्व में दिखा समाज में उत्सवी माहौल



14 किसी भी किसान को गुणवत्ताहीन बीज ने मिले



## खबर संक्षेप

### खम्हरिया में कबड्डी प्रतियोगिता 28 को

**धमतरी।** मितान क्लब व ग्रामवासियों के तत्वावधान में ग्राम खम्हरिया में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 28 सितंबर को रखा गया है। प्रथम पुरस्कार 7101, द्वितीय 5101 एवं तृतीय पुरस्कार 3101 रुपए सहित शील्ड प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी राकेश साहू, अनूप कुमार ने दी है।

### चंदनबिरही में डीजे डांस प्रतियोगिता 17 को

**धमतरी।** विश्वकर्मा जयंती पर ग्राम चंदनबिरही में राजमिस्त्री संघ एवं ग्रामवासियों द्वारा 17 सितंबर की रात्रि डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। सामूहिक डांस में प्रथम पुरस्कार 5024, द्वितीय 3024, तृतीय 2024 एवं चतुर्थ पुरस्कार 1024 रुपए दिया जाएगा। युगल एवं एकल डांस में प्रथम पुरस्कार 1524, द्वितीय 1024 व तृतीय पुरस्कार 624 रुपए दिया जाएगा। प्रतियोगिता की तैयारी में तालसिंग निर्मलकर, हिरामन साहू, चंद्रकांत साहू जुटे हैं।

### रसायनशास्त्र की पूरक प्रायोगिक परीक्षा 18 को

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में रसायनशास्त्र विषय की पूरक प्रायोगिक परीक्षा 18 सितंबर को प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगी। संबंधित छात्र-छात्राएं पूर्ण तैयारी एवं लेखन सामग्री सहित महाविद्यालय में उपस्थित होंगे। अनुपस्थित होने पर छात्र-छात्राएं स्वयं जवाबदार होंगे। परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी अनिवार्यतः लाना होगा।

### नपं के अधिकारी-कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे

**मगरलोड।** नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी के अधिकारी-कर्मचारी 6 सूत्री मांग को लेकर संघ के आह्वान पर रायपुर में 18 से 20 सितंबर तक आयोजित हड़ताल पर शामिल होंगे। केके मरकाम, बिसालराम कोसले, भूपेंद्र चंद्राकर, एनके वर्मा, दीनूराम साहू ने बताया कि इस दिन अवकाश पर रहने की सूचना मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखित रूप से दी है। आगे कहा कि निकायों में वेतन व अन्य समस्या सालों से बनी है। शासन द्वारा मांगों को लेकर कोई पहल नहीं की जा रही है।

### रावां में अखंड रामधुनी प्रतियोगिता आज से

**कोर्रा(भखारा)।** जय दुर्गा रामधुनी समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम रांवा में 14 एवं 15 सितंबर को दो दिवसीय अखंड रामधुनी प्रतियोगिता रखी गई है। शुभारंभ एवं दीप प्रज्वलन के मुख्य अतिथि सोमप्रकाश राजू चंद्राकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी होंगे। अध्यक्षता गोपालन पटेल सरपंच करेंगे। विशिष्ट अतिथि ज्ञानी ग्राम साहू, सेवकराम सिन्हा, होरीलाल साहू, धर्मेंद्र केसरवानी, शंकर सिन्हा, डॉ.महेश सिंहा, युवराज साहू, जागृतराम साहू, मानिकराम साहू, चिरौंजी सिन्हा, गंगाराम साहू, नारायण सिन्हा, संतोष साहू, अरुण नेताम, भीखज साहू, छबिलाल पोखनलाल सिन्हा होंगे। समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी होंगे। अध्यक्षता नीलमणि साहू, संतोष हिरवानी, पवन साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि संतोष साहू, नंदकुमार सिंहा, नीलेश्वर साहू, संतोष सिन्हा, देवकरण सिन्हा, हेमशंकर सिन्हा, पुरषोत्तम ध्रुव, घनश्याम साहू, राजाराम रायपुरिया, अशोक गुप्ता, अंगेश्वर सिन्हा, गोविंदराम साहू, नरसिंह साहू होंगे।

### आधी रात उत्पात मचाया, दो गिरफ्तार

**किरंदुल।** किरन्दुल नगर में आधी रात लड़ाई झगड़ा, गाली गलौज कर उत्पात मचाने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अनावेदक नटराज दास पिता लैन दास उम्र 26 निवासी 4 नंबर कोड़ेनार किरन्दुल तथा अंकज कुमार पिता स्व. सत्येन्द्र सिंह उम्र 21 वर्ष निवासी बंगाली कैंप किरन्दुल, 12 सितंबर की रात्रि करीबन 11.45 बजे व्होरा कैंप वार्ड क्रमांक 4 में घूमते हुए किसी घर का दरवाजा खटखटा रहे थे।

शासन ने नए बैच की नहीं दी स्वीकृति, एक माह से प्रशिक्षण बंद

# मुख्यमंत्री कौशल विकास प्रशिक्षण पर लगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मुख्यमंत्री कौशल विकास प्रशिक्षण पर एक बार फिर ब्रेक लग गया है। प्रशिक्षण की समय-सीमा में परिवर्तन के लिए शासन ने इस योजना पर विराम लगा दिया है। शासन को कई बैच शुरू करने का प्रस्ताव भी भेजा गया था, जिन्हें लौटा दिया गया है। कोई निर्देश नहीं होने के कारण जिला स्तर पर भी इस योजना के तहत तैयारी ठंडी पड़ी है।

लंबे अंतराल के बाद मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना फिर से शुरू हुई है। जैसे ही योजना ने गति पकड़ी थी, वैसे ही नियम परिवर्तन करने के लिए इस योजना पर ब्रेक लगा दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार हर प्रशिक्षण के लिए एक समय-सीमा निर्धारित है। उस समय सीमा के भीतर युवाओं को प्रशिक्षित किया जाना है। शासन द्वारा इस अवधि में परिवर्तन किया जाना है। इसके चलते इस योजना पर ब्रेक लग गया है। शासन द्वारा नए बैच की स्वीकृति ही नहीं दी जा रही है जिसके चलते करीब एक माह से प्रशिक्षण बंद है। जिले से सिलाई और कम्प्यूटर आपरेटर के प्रशिक्षण के लिए दो बैच का प्रस्ताव भेजा गया था। इस प्रस्ताव को भी शासन द्वारा लौटा दिया गया है। यह प्रशिक्षण अलशम्स कॉलेज नगरी में होना था। इसके अतिरिक्त लाइवलीहुड कॉलेज सहित अन्य वीटीपी प्रशिक्षण केंद्रों में भी बैच चालू करने की पूरी तैयारी हो चुकी है, लेकिन शासन द्वारा कोई निर्देश नहीं मिलने के कारण प्रस्ताव ही नहीं भेजा गया है।

#### इंतजार में युवा

सिलाई प्रशिक्षण, कम्प्यूटर सहित अन्य प्रकार के प्रशिक्षण के लिए युवाओं ने आवेदन दिया है। अब वे बेसब्री से प्रशिक्षण शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। लगातार वे वीटीपी सेंटर में जाकर जानकारी ले रहे हैं। उधर वीटीपी सेंटर वाले भी युवाओं को जवाब नहीं दे पा रहे हैं। प्रशिक्षण में विलंब होने के कारण कई युवा तो ट्रेनिंग की उम्मीद की छोड़कर दूसरे कार्यों में व्यस्त हो गए हैं।



#### यहां चल रहा प्रशिक्षण

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण जारी है। इस योजना के तहत लाइवलीहुड कॉलेज में सिक्युरिटी सुपरवाइजर, इलेक्ट्रिशियन, रिटेल और कम्प्यूटर हार्डवेयर का प्रशिक्षण चल रहा है। इसके अतिरिक्त विश्वकर्मा योजना के तहत भी शार्ट टाइम प्रशिक्षण चल रहा है। इसके तहत पहले से काम रहे युवाओं का कौशल उन्नयन किया जाता है ताकि वे और दक्षता से काम कर सकें।

#### यह भी है समस्या

कौशल विकास प्रशिक्षण देने वाले हर ट्रेनर को टीओटी प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है। पहले शासन ने सेंचुरियन यूनिवर्सिटी बिलासपुर से इस प्रशिक्षण के सर्टिफिकेट को मान्यता दी गई थी। अब अचानक ही मान्यता रद्द कर दी गई है। ऐसे ट्रेनर प्रशिक्षण देने के लिए अयोग्य हो गए हैं। शासन ने एनएचडीसी से अनुबंधित संस्थाओं से टीओटी प्रशिक्षण अनिवार्य किया है। अब वीटीपी संस्थाएं अपने ट्रेनर को फिर से ट्रेनिंग दिलवा रहे हैं। एक ट्रेनर को ट्रेनिंग देने में 15-20 हजार रुपए का खर्च आता है। ऐसे में वीटीपी सेंटरों का खर्चा बढ़ गया है।

### पुलिस ने गुम मोबाइल धारक को लौटाया

**धमतरी।** रास्ते में मिले मोबाइल को पुलिस ने उसके धारक का पता कर उसे लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया है। मिली जानकारी के अनुसार सिंचाई कालोनी रूद्री निवासी हर्ष कुमार साहू उम्र 18 वर्ष गुरूवार की शाम घूमने के लिए गया था। इस दौरान मोबाइल उसकी जेब में था। इस दौरान मोबाइल उसकी जेब से कहीं गिर गया। उसी रास्ते से गुजर रही महिला आरक्षक अमृता सिंग सेंगर को पड़ा हुआ मोबाइल मिला। हर्ष द्वारा दिए गए नंबर पर महिला आरक्षक ने उक्त मोबाइल के मिलने की बात कहते हुए रूद्री थाना आकर ले जाने की बात कही। थाना पहुंचने पर महिला आरक्षक ने गुम मोबाइल को सुरक्षित हर्ष को लौटा दिया। अपना गुम मोबाइल पाकर हर्ष ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया है।



## नया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से तीन महीने में मिलने लगेगा पानी

- 10 करोड़ की लागत से बन रहा है प्लांट
- आगामी 50 साल तक शहरवासियों को पानी की तकलीफ नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



महानदी मुख्य नहर के पास महिमासागर वार्ड में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के समीप निगम द्वारा 10 करोड़ की लागत से नया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जा रहा है जो 3 माह में पूरा हो जाएगा। 2025 जनवरी में यहां से पीने के लिए पानी मिलने लगेगा। इस ट्रीटमेंट प्लांट के बन जाने से शहरवासियों को आगामी 50 साल तक पानी की तकलीफ नहीं होगी। वहीं शहर के कुछ वार्ड ऐसे हैं जहां पानी की कमी होती है वहां भी पानी भरपूर मात्रा में पहुंचेगा। दोनों ट्रीटमेंट प्लांट एक साथ चलेंगे। जिससे पानी का प्रेशर बढ़ेगा और शहर के ऊपरी इलाकों में भी पानी पर्याप्त मात्रा में मिलेगा।

नगर निगम उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि शहर की बढ़ती आबादी के अनुपात में पुराने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के समीप, 9 एमएलडी क्षमता वाले नया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माणाधीन है जो 3-4 माह में कम्पलीट हो जाएगा। इसकी लागत 10 करोड़ रूपये होगी। आगामी वर्ष 2025 में शहरवासियों को इस प्लांट से पानी मिलने लगेगा। विदित हो कि 11 वर्ष पहले यहीं पर 14 एमएलडी क्षमता वाला वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया गया है जिसके माध्यम से शहर के 10 ओव्हरहेड टैंक जुड़े हुए हैं। पाइप लाइन के सहारे शहर की डेढ़ लाख आबादी को पानी की आपूर्ति हो रही है। ओव्हरहेड टैंक समय सीमा के अंदर पूरी तरह भरेगा। शहर को पर्याप्त पानी मिलेगा। आगामी 50 साल तक पानी की कोई तकलीफ नहीं होगी।

#### पाइप लाइन का विस्तार होगा

नया प्लांट के चालू होते ही अधूरे पाइपलाइन विस्तार का काम पूरा होगा। वर्तमान में शहर में 65 किमी पाइपलाइन बिछाई गई है जिसे बढ़ाकर 85 किमी की जाएगी। दोनों वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के चालू हो जाने से कुल क्षमता 23.7 एमएलडी हो जाएगी। जिसके माध्यम से 10 टंकी में पानी भरेगा। शहर के 20 हजार नल कनेक्शन को प्रेशर के साथ पानी मिलेगा।

### युवती की मौत कारण अज्ञात

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बुखार से पीड़ित युवती को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी निवासी कु. मिलापा साहू पिता संतराम उम्र 19 वर्ष की बीते 9 सितम्बर से तबीयत ठीक नहीं थी। दूसरे दिन उसकी मां कुलेश्वरी साहू व भाई गोलू दर्शन के लिए उज्जैन चले गए। गुरूवार को उसकी चाची ने बीमार युवती को उसके नाना मेहत्तर राम साहू ग्राम खम्हरिया निवासी के घर छोड़ा था। नाना ने ग्राम डोमा के एक डाक्टर को बुलाकर युवती का चेकअप कराया। डाक्टर ने युवती को बुखार होना बताकर उपचार किया। नाश्ता करके युवती सो गई। शाम तक युवती की हालत ठीक नहीं लगने पर संजीवनी 108 की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने युवती को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। युवती की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## मध्य छत्तीसगढ़ में वर्षा तथा वज्रपात की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आज से उत्तर एवं मध्य छत्तीसगढ़ में बारिश तथा बिजली गिरने की गतिविधि में वृद्धि होने के आसार बन रहे हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर पश्चिम उत्तरप्रदेश और आसपास के क्षेत्र में एक सुस्पष्ट कम दबाव का केन्द्र बना हुआ है। इससे संबंधित चक्रवाती परिसंचरण औसत समुद्र तल से 7.6 किमी उपर तक फैला हुआ है। धीरे-धीरे कमजोर होकर कम दबाव के क्षेत्र में परिवर्तित हो सकता है।

उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी और इससे लगे बांग्लादेश तट पर एक सुस्पष्ट निम्न दबाव का केन्द्र बना हुआ है। इससे संबंधित चक्रवाती 14 सितम्बर तक यह पश्चिम उत्तर पश्चिमी की ओर आगे बढ़ने के साथ उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के उपर एक कम अवदाब क्षेत्र में तब्दील होने की संभावना है। मानसून द्रोणिका फिरोजपुर, करनाल उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश और आसपास के इलाकों में सुस्पष्ट निम्न दबाव के केन्द्र बाराबंकी, छपरा, पूर्णिया उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी पूर्वी बांग्लादेश तट पर स्थित सुस्पष्ट निम्न दबाव के केन्द्र से होकर गुजर रही है। इसके प्रभाव से प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की मध्यम वर्षा तथा एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात और भारी वर्षा हो सकती है। मौसम विज्ञानी के अनुसार शनिवार को उत्तरी एवं मध्य छग में वर्षा एवं वज्रपात की गतिविधि तेज होने तथा रविवार एवं सोमवार को उत्तरी छग के एक दो स्थानों पर मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना है।

### ओमप्रकाश बिल्ड मार्ट का शुभारंभ कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर के रूद्री रोड में हरियाली होटल के सामने ओमप्रकाश बिल्ड मार्ट का शुभारंभ 15 सितंबर को किया जाएगा। मार्ट के प्रोपाइटर कैलाश बख्तानी ने बताया कि शहरवासियों की मांग के अनुरूप इस मार्ट में सीमेंट, पेंट, टीएमटी बार, टाईल्स, प्लम्बिंग, हार्डवेयर, प्लाईवुड आदि सामान किफायती दाम में उपलब्ध होगा। ग्राहकों को अब राजधानी रायपुर से भी कम दाम पर सामान मिलेगा।

### जिले के तीन तहसीलदार, दो नायब तहसीलदार का हुआ तबादला

**धमतरी।** राजस्व मामलों को लेकर सीएम विष्णुदेव साय की सख्त हिदायत के बाद राजस्व विभाग ने बड़ी संख्या में तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा राजस्व निरीक्षकों के तबादले किए हैं। धमतरी जिले से तीन तहसीलदार तथा दो नायब तहसीलदार का तबादला किया गया है जिसमें एक तहसीलदार तथा एक नायब तहसीलदार के विवाद ने सुर्खियां बटोरी थीं।

राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार धमतरी जिले में पदस्थ तहसीलदार अनुजकुमार पटेल का तबादला सक्ती जिले में किया गया है। इस तहसीलदार का निलंबन आदेश जारी हुआ है। इन पर कार्यों में लापरवाही की शिकायतें थीं। वहीं तहसीलदार केतन कुमार भोयर का तबादला कांकेर तथा तहसीलदार बलराम तंबोली का ट्रांसफर बेमेतरा हो गया है। नायब तहसीलदार सुश्री ज्योति सिंग का तबादला बीजापुर जिले में किया गया है। ज्योति सिंग तब सुर्खियों में आई थी जब अवैध रेत के मामलों को लेकर जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ध्रुव से विवाद का आडियो वायरल हुआ था। वहीं नायब तहसीलदार श्रीमती जागेश्वरी गावड़े का बस्तर ट्रांसफर हुआ है।

## जिला अस्पताल में स्थाई रेडियोलाजिस्ट की जरुरत

- अस्पताल निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने तत्काल नियुक्ति की बात कही थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला अस्पताल में रेडियालाजिस्ट की कमी की समस्या का अब तक समाधान नहीं हो पाया है। वैकल्पिक रेडियोलाजिस्ट से काम चलाया जा रहा है। बीते दिनों अस्पताल के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने समस्या के प्रति गंभीरता दिखाई थी।



जिला चिकित्सालय में लंबे समय से रेडियोलाजिस्ट की समस्या बनी हुई है। अस्पताल में सोनोग्राफी सुविधा शुरु होने के बाद से स्थाई रेडियोलाजिस्ट की कमी बनी हुई है। अस्पताल में सोनोग्राफी के साथ-साथ सीटी स्कैन की सुविधा शुरु हो चुकी है। इसलिए अब स्थाई रेडियोलाजिस्ट को पदस्थ करना और भी आवश्यक हो गया है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन द्वारा जेडीएस के माध्यम से रेडियोलाजिस्ट की व्यवस्था कर काम चलाया जा रहा है, लेकिन लंबे समय से सेवा दे रहे रेडियोलाजिस्ट डा. प्रधान के अचानक लंबी छुट्टी में चले जाने के बाद से सोनोग्राफी सुविधा की व्यवस्था गड़बड़ा गई। गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी प्रभावित हो रही थी जिसे देखते हुए प्रबंधन द्वारा वैकल्पिक रेडियोलाजिस्ट की व्यवस्था की गई है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने बीते वर्ष रेडियोलाजिस्ट की नियुक्ति के लिए इंटरव्यू लिया था लेकिन कुछ कारणों से अब तक रेडियोलाजिस्ट नियुक्त नहीं हो पाया। वर्तमान में प्रतिदिन सेंटर में लगभग 15 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की जा रही है। इमरजेंसी की स्थिति में अन्य मरीजों की भी सोनोग्राफी की जाती है। बीते दिनों स्वस्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान रेडियालाजिस्ट की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल नियुक्ति के लिए कहा था।

#### वैकल्पिक व्यवस्था

इस संबंध में सिविल सर्जन डा. अरूण टोण्डर ने बताया कि वर्तमान में रेडियोलाजिस्ट डा. नीरज शर्मा वैकल्पिक तौर पर सेवा दे रहे हैं। उसके द्वारा रोजाना गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की जा रही है, लेकिन सीटी स्कैन की रिपोर्टिंग का कार्य नहीं हो पा रहा है।

बच्चों, बुजुर्गों का घर से निकलना हुआ मुश्किल

## बारिश थमने के बाद भी शहर की कॉलोनियों में घुटनों तक पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शहर की कुछ कॉलोनी ऐसी है जहां बारिश थमने के बाद घुटनों तक पानी भरा हुआ है। निकासी की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को जाम पानी से होकर आवागमन करना पड़ रहा है। ऐसा ही हाल शहर से लगे ग्राम रत्नाबांधा के समीप गंगाविहार कॉलोनी का है। जहां पानी की निकासी नहीं होने से सप्ताह भर बाद भी घुटनों तक पानी जाम है। कॉलोनीवासी पवन देवांगन, सुंदरलाल, सत्यनारायण, कमलेश यादव आदि ने बताया कि इस कॉलोनी की समस्या काफी पुरानी है। कॉलोनी परिसर में पानी जाम होने से बच्चों और बुजुर्गों का घर से निकलना बंद हो जाता है। चारपहिया वाहनें चल नहीं पाते। कुछ लोगों ने बताया कि निकासी मार्ग में झाड़ियां, जलकुंभी फैली हुई है जिसका असर बरसात पर पड़ रहा है। इसकी शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में की जा चुकी है। आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। जाम पानी में मच्छर, मक्खी पनप रहे हैं। लोगों को जलजनित बीमारी होने की आशंका है।

रोड की कोर कटिंग का नमूना लेकर अधिकारियों ने की पड़ताल

# सीसी रोड में अनियमितता की शिकायत, जांच में पहुंचे रायपुर से अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शुक्रवार को शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय परिसर में सीसी सड़क निर्माण की उच्च स्तरीय जांच की गई। सीसी रोड की जांच ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग रायपुर के प्रभारी कार्यपालन अभियंता नवनीत कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में की गई। रोड की कोर कटिंग का नमूना लेने सहित अन्य पहलू पर अधिकारियों ने पड़ताल की।

उल्लेखनीय है कि धमतरी निवासी राजेश चावला तथा सुपेला (भखारा) निवासी युगल किशोर साहू ने अप्रैल 2024 को मुख्य अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विकास आयुक्त नवा रायपुर के नाम शिकायत पत्र में कहा था कि कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग द्वारा शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय के लिए वर्ष 2021-22 में समाज कल्याण योजनांतर्गत कांक्रीट सीमेंट सड़क का निर्माण किया गया है। जिससे भारी अनियमितता बरती गई है। उक्त सड़क की 4 बिंदुओं पर उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई थी, जिसमें विद्यालय परिसर के



अंदर 1 फीट मोटी सड़क निर्माण की मंजूरी न्याय संगत नहीं है। परिसर के अंदर भारी वाहनों का आवागमन नहीं होता है। सड़क निर्माण स्टीमेट के अनुसार 20 एमएम कांक्रीट का उपयोग करना था लेकिन 40 एमएम कांक्रीट का इस्तेमाल किया गया है। स्वीकृति के अनुसार विद्यालय परिसर के अंदर सीसी रोड निर्माण करना था। इसके विपरीत आम रास्ता वाले शासकीय मार्ग में स्वीकृत राशि को खर्च करने नक्शा, खसरा और उच्च अधिकारियों की अनुमति के बिना सड़क का निर्माण कर दिया गया है। शिकायतकर्ताओं ने अलग-अलग खंडों में बनाई गई सड़क की कोर कटिंग करने तथा निष्पक्ष जांच की शिकायत की थी।

शिकायत पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विकास भवन नवा रायपुर के मुख्य अभियंता ने अधीक्षण अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मंडल रायपुर को सीसी सड़क निर्माण की जांच कर वस्तुस्थिति से अवगत कराने का निर्देश जारी किया। शुक्रवार को सीसी रोड की जांच आरईएस रायपुर के प्रभारी कार्यपालन अभियंता की अध्यक्षता में की गई। जांच के दौरान आरईएस के ईई रामनारायण राठौर, एसडीओ श्री हिरवानी, श्री संभाकर उपस्थित थे। जांच अधिकारी श्री मिश्रा ने कहा कि कोर कटिंग का सेम्पल सहित अन्य पहलू पर जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने पर वास्तविकता का पता चलेगा।

### बम्लेश्वर, केशव एवं लक्ष्मी करेंगे कुरूद महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व

# सेक्टर स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के क्रीड़ा विभाग द्वारा एक दिवसीय बैडमिंटन (महिला-पुरूष) ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के बैडमिंटन पुरूष वर्ग एवं महिला वर्ग का चयन किया गया। पुरूष वर्ग में बम्लेश्वर एवं केशव बीपीएड तृतीय सेमेस्टर एवं महिला वर्ग में लक्ष्मी बीपीएड तृतीय सेमेस्टर का चयन किया गया। सेक्टर स्तरीय बैडमिंटन



चयन प्रतियोगिता का आयोजन प्रगति महाविद्यालय रायपुर में माह सितम्बर को होना है। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी कुरूद महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

यह आयोजन प्राचार्य डॉ. डीके राठौर के निर्देशन एवं एमएस साहू विभागाध्यक्ष भूगोल एवं डॉ.आरके पाण्डेय के मार्गदर्यान में एवं क्रीड़ा प्रभारी अमित टंडन, हरिराम साहू एवं चित्रमणि श्रीमाली सदस्य क्रीड़ा समिति के नेतृत्व में हुआ। खिलाड़ियों के चयन होने पर प्राचार्य डॉ. डीके राठौर, क्रीड़ा अधिकारी अमित टंडन क्रीड़ा समिति के सदस्य हरिराम साहू, चित्रमणी श्रीमाली, लीना दिली, रेणु पाटले, प्राध्यापक डॉ. एनके मेश्राम, एमएस साहू, डॉ. आरके पाण्डेय, सरस्वती घृतलहरे, बीआर देवांगन, डॉ. ओमजी गुप्ता, डॉ. तरूण पटेल, हितनारायण टण्डन, डॉ. फिरोज सोनवानी, राकेश सोनकर, शीबा वंजारी, कृपाराम साहू, पवन ताम्रकार, डॉ. विक्रम सिंह, विजयकुमार, कौस्तुभ तिवारी, नरोत्तम कुमार, नीलकंठ, एचआर उईके, तेजराम सिन्हा, वायआर उईके, केआर डहरे, ढालूराम साहू, लुकेश विश्वकर्मा, घनश्याम यादव, रविकुमार साहू, किशोर साहू, डिगेश्वर बैस ने हर्ष व्यक्त किया है।

जनभागीदारी समिति की बैठक में अनेक विषयों पर हुई चर्चा

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के मानदेय में पांच सौ रूपए की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की प्रथम बैठक समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र रोहरा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एजेण्डावार चर्चा करते हुए प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे ने जनभागीदारी समिति के गठन प्रक्रिया की जानकारी दी। जनभागीदारी समिति की आय के स्त्रोत एवं सत्र 2024-25 में 31 अगस्त 2024 तक की उपलब्ध राशि की जानकारी सदस्यों को दी। समिति के खातों की अंकेक्षण प्रक्रिया एवं अंकेक्षण फर्म की अद्यतन जानकारी प्रदान की। वर्तमान में जनभागीदारी मद से महाविद्यालय में कार्यरत शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ की संख्या एवं उनको भुगतान किये जाने वाले मानदेय की जानकारी समिति के




समक्ष रखी गई। शैक्षणिक एवं शैक्षणिकोत्तर गतिविधियों के संचालन में जनभागीदारी मद से भुगतान किये जाने वाले व्ययों से भी समिति को अवगत कराया। इसी सत्र से लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधान की जानकारी डॉ. व्ही.के. पाठक ने दी। शासकीय मद से महाविद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी समिति के समक्ष रखी गई। महाविद्यालय में जनभागीदारी मद से कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के आवेदन पर विचार करते हुए सर्वसम्मति से उनके मानदेय में 500 रू. मासिक वृद्धि की गई। स्थानीय नागरिकों एवं सांसद व विधायक निधि से सहयोग प्राप्त करने हेतु प्राक्कलन प्रस्ताव तैयार करने पर सहमति बनी। महाविद्यालय के लिए 1 वॉटर कूलर एवं 24 पंखे उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया गया। बैठक में राकेश मौर्य, योगेश गांधी, राकेश साहू, हेमंत बंजारे, अविनाश दुबे, सुभाष चंद्राकर, पूनम पाण्डेय, प्राध्यापक डॉ.व्हीके पाठक, केके देवांगन उपस्थित थे।

# गणेशोत्सव भारत की संस्कृति समृद्धि के प्रतीक का पर्व : रंजना

- आकाशगंगा कॉलोनी में विराजमान भगवान गणेश की संध्या आरती में शामिल हुई पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आकाश गंगा कॉलोनी में विराजमान भगवान गणेश की संध्या आरती में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुई। उन्होंने भगवान गणेश की पूजा -अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गणेशोत्सव भारत की संस्कृति समृद्धि के प्रतीक का पर्व है। एकात्मता, बंधुत्व, सहकार की भावना के प्रतिमान भगवान गणेश चतुर्थी हम सबके लिए मंगल कामना का पर्व है। स्वतंत्रता पूर्व से चली आ रही यह परंपरा इतिहास में एकता की मिसाल है। आजादी के समय भारतीयों में एकता का भाव जागृत करने के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने गणेश उत्सव पर्व की शुरुआत की।



पूरे भारत देश में भगवान गणेश की आराधना का यह पर्व आस्था और उत्साह से मनाते हैं। मौके पर विधायक रंजना साहू ने राज्यपाल से पुरस्कृत शिक्षक डॉ आशीष नायक का शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। गणेशोत्सव पर बाल कलाकारों की सुंदर वेशभूषा ने सभी का मनमोहा। प्रतिदिन गणेश पंडाल में रंगोली प्रतियोगिता, थाली सजाओ, फैंसी ड्रेस, बच्चों का डांस, भजन, कुर्सी दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर डॉ आशीष नायक, प्रकाश पाण्डेय, गजेंद्र अग्रवाल, डॉ मयंक पटेल, विजय पदमवार, वेदप्रकाश भेसले , नोकूराम सिन्हा, जीडी सिन्हा, देव यादव, आईके साहू, मनोज साहू, नेकराम साहू , डीआर जाचक, ललित चांडक, रेवेंद्र कश्यप, दुर्गा मिश्रा, पूजा नायक, अभिलाषा पांडेय, स्वप्ना पदमवार, नीति पटेल, कविता कुर्रे, प्रेमलता पटेल, उज्जवला साहू, प्रमिला साहू, भारती यादव, स्वाति सोनकर, कामिनी गोस्वामी, लक्षणा चंदनिहा, उर्वशी बरैहा, सुनीता वाधवानी, झंकार शर्मा, अमित साहू, देवेश अग्रवाल उपस्थित थे।

# रजत पदक विजेता को प्राचार्य ने किया सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासकीय नत्थूजी जगताप नगर पालिका निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा ग्यारहवीं कला संकाय के छात्र खुशहाल वर्मा ने जांजगीर में आयोजित राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता कुश्ती गिरीको रोमन में रजत पदक हासिल किया। प्राचार्य श्रीमती डॉ अन्नपूर्णा सिन्हा एवं स्कूल स्टाफ ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## राशनकार्ड का नवीनीकरण 31 अक्टूबर तक

**धमतरी।** जिले में अब तक 2 लाख 32 हजार 579 राशनकार्डों (97 प्रतिशत) का नवीनीकरण किया जा चुका है और 6 हजार 469 राशनकार्डों का नवीनीकरण शेष है। खाद्य अधिकारी बसंत कोर्राम ने शेष सभी राशनकार्डधारियों से 31 अक्टूबर तक राशनकार्ड नवीनीकरण कराने की अपील की है।

# नाचा गम्मत छग संस्कृति की अनमोल धरोहर : गोविंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

पूरे क्षेत्र में गणेश उत्सव की धूम है। भंडरवाणी में इस बार भी बाल गणेश उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध जय अंबे नाचा पार्टी नीचेकोहरा अंबागढ़ चौकी का मंचन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोविंद साहू जिपं सभापति ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि ऐसे आयोजन से युवाओं में एकता और गांव में भाईचारा निर्मित होता है। नाचा गम्मत छत्तीसगढ़ की संस्कृति की पहचान है, जो मनोरंजन के साथ समाज के लिए



शिक्षाप्रद होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रामचंद्र साहू सरपंच बगदेही, ध्रुवकुमार साहू संचालक झन भूलो मां बाप ला नाचा पार्टी, कमलेश देशमुख संरक्षक छग नाच पार्टी एवं संचालक जय अंबे छग नाचा पार्टी नीचे कोहरा ने भी इस कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में हिकराम, गोवर्धन सिन्हा, सोनसाय साहू, शत्रुघन लाल, चैतूराम पटेल, संचालक लालजी साहू, जनकराम, महेंद्र, डोलेश्वर ध्रुवंशी, साक्षित मनीष कश्यप, थानेश्वर, विकास, दुष्यंत, योगेंद्र, लोगेंद्र, निलेश, संजय, सागर समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## स्कूल सफाई कर्मचारियों की बैठक 15 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ जिला धमतरी की मासिक बैठक 15 सितम्बर को सुबह 10 बजे खेल मैदान कुरूद में रखी गई है। संघ के जिलाध्यक्ष लोकेश्वर साहू, उपाध्यक्ष पीलूराम चक्रधारी, मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू एवं सहमीडिया प्रभारी डगेश्वर पटेल ने बताया कि पूर्व बैठक में पारित प्रस्तावों को अमल में लाते हुए आगामी कार्य योजना तैयार करने एवं संगठन में एकजुटता व एकरूपता लाने के लिए संगठन द्वारा संगठन सदस्यता शपथ-पत्र, सदस्यता प्रमाण-पत्र जिलास्तरीय बैठक में भरकर जमा किया जायेगा। कुरूद ब्लाक अध्यक्ष नूतन कुमार साहू, धमतरी ब्लाक अध्यक्ष गोपाल पावर, रविशंकर चेलक एवं हेमदास मानिकपुरी ने सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की है।




सेन समाज की एकता पहले से और ज्यादा मजबूत हुई है : धनसिंग

# सर्व सेन समाज की बैठक में निर्णय पदाधिकारियों ने की चुनाव की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सर्व सेन समाज की बैठक चंदापारी सेन भवन आमातालाब रोड रामनगर धमतरी में हुई। जिसमें प्राप्त आवेदनों के निराकारण एवं आय- व्यय की जानकारी के साथ जिला के पदाधिकारियों तथा कार्यकारिणी सदस्यों के कार्यकाल पूरा होने पर नव निर्वाचन की घोषणा की गई।

मंगलवार को आहूत बैठक में सबसे पहले लंबित प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया। जिला सचिव भगवानी राम शांडिल्य ने मई 2023 से अब तक के आय-व्यय की जानकारी दी। जिलाध्यक्ष धनसिंग सेन ने अपने आभार व कार्यकाल के अंतिम उदबोधन में अब तक के किए गए उल्लेखनीय कार्यों एवं उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि 10 सितम्बर 2019 को उन्हें समाज ने सर्व सेन समाज की सेवा करने का दायित्व सौंपा था। इस पर खरा उतरने का प्रयास करते हुए पहले बिलासपुर में हुए एक मासूम बच्ची से दुष्कर्म मामले के विरोध में ऐतिहासिक मौन रैली निकाली गई



थी। कोरोनाकॉल में प्रशासन के निर्देश पर जहां सेलून और गंवई कार्य बंद कराया, तो उसे पुनः खुलवाने कलेक्टर से भी मिले।कवि सुरेंद्र दुबे द्वारा अपनी कविता में जातिगत शब्दों का प्रयोग करने पर उनका पुरजोर विरोध कर माफीनामे के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था। 2021, 22 एवं 23 में जिला स्तरीय सेन जयंती व सम्मान समारोह का आयोजन कर अधिकारी-कर्मचारियों के साथ विभिन्न व्यवसाय से जुड़े समाज के लोगों को मुख्यधारा में जोड़ने का प्रयास किया गया। प्रभारी मंत्री अनिला भेंड़यिा द्वारा समाज के जरुतमन्दों लोगों को राहत राशि के रूप में स्वेच्छानुदान दिलाया गया। कुछ सेलून दुकानों में असामाजिक तत्वों द्वारा हुड़दंग करने पर उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई की गई। आगे कहा कि जिले की सामाजिक समस्याओं को प्रदेश संगठन में बेबाकी के साथ रखने से पूरे छत्तीसगढ़ में धमतरी जिले की अपनी अलग छवि बनी है। पूरे जिले में सेन समाज की एकता पहले से ज्यादा मजबूत हुई है।

समाज के जिला भवन के लिए भी प्रयासरत हैं जिस पर प्रभारी मंत्री ने भवन बनाने पूर्ण भरोसा दिलाया है। जिलाध्यक्ष श्री सेन ने अपने कार्यकाल के दौरान जिले के सामाजिक सदस्यों से मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यकारिणी को भंग कर पुनः निर्वाचन की घोषणा की। बैठक में संभाग अध्यक्ष खिलावन श्रीवास, मोहित सेन, रवि कौशल, शेखन सेन, दौलत सेन, चन्द्रहास सेन, रामगोपाल सेन, कमल नारायण शांडिल्य, देबूराम शांडिल्य, सेवकराम सेन, तेजराम सेन, फिरोज सेन, त्रिभुवन कौशिक, जयंत सेन, देवेंद्र सेन, आनंद शांडिल्य, टिकेंद्र सेन, रघुवीर सेन, मदन कौशिक सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

सांस्कृतिक कार्यक्रम में भक्ति गीतों की हुई प्रस्तुति

# नुआखाई जोहार पर्व में दिखा समाज में उत्सवी माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



नई फसल के आगमन की खुशी में नुआखाई जोहार पर्व गाड़ा समाज में मनाया गया। इस अवसर पर बूढ़ीमाई, समलेश्वरी मांई की विशेष पूजा-अर्चना की गई है। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। समाज में उत्सवी माहौल देखने को मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बूढ़ीमाई के प्रति श्रद्धा रखते हुए कलाकारों ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। पर्व को देखते हुए समाज के लोगों ने सुबह से ही तैयारियां कर ली थी। शहर में सैकड़ों गाड़ा समाज के सदस्य निवासरत हैं। मुख्य कार्यक्रम साल्हेवारपारा में रखा गया। समाज की ईष्टदेवी बूढ़ीमाई, सम्लेश्वरी माई, जगन्नाथ महराज की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद समाज मिलन समारोह का आयोजन हुआ। समाज के अध्यक्ष संतोष जगत, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष कमल जगत ने बताया कि गाड़ा समाज की अपनी एक अलग संस्कृति है। कुलदेवी देवता के आशीर्वाद से वर्तमान में यह समाज उन्नति कर रहा है। समाज के बड़े बुजुर्ग शिक्षा को बढ़ावा देकर अपने वाली पीढ़ी को शिक्षित बनाने जोर दे रहे हैं। शिक्षा के सहारे समाज का उत्तरोतर विकास होगा। युवा शिक्षित होकर सामाजिक उत्थान में अपनी महती भूमिका निभाएंगे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के अतिथि हेमंत बंजारे, श्यामू सोना, रामचंद वाधवानी, जय गिदवानी, भागवत साहू, शैलेंद्र, विनोद बंजारे, भूपेंद्र सिन्हा थे। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि समाज में अब बदलाव दिख रहा है। जीवन स्तर ऊंचा उठा है। लोग शिक्षा को महत्व दे रहे हैं। युवाओं में रचनात्मक सोच आई है। समाज में जागरुकता आई है। इस अवसर पर रेवाराम नागेश, संतराम बघेल, चरणसिंह जगत, संदीप नागेश, कमलनारायण, राजेश नागेश, चितरसिंह जगत, कन्हैया नागेश, सोहन प्रधान, मुकेश नागेश, गणेश प्रधान सहित सभी समाजजन उपस्थित थे।

## आरीडोंगरी कच्चे माइंस में केबल की चोरी रिपोर्ट 21 दिन बाद दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

भानुप्रतापपुर थाना के कच्चे चौकी अंतर्गत लौह अयस्क की माइंस में लगभग 23 हजार की लागत का कापर केबल को अज्ञात चोर ले उड़े, वहीं कच्चे माईंस का प्रबंधन 21 दिन बाद शिकायत करने पहुँचा। कच्चे चौकी की सूचना पर भानुप्रतापपुर थाना में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे कच्चे आरीडोंगरील निवासी जयराम मौर्य ने पुलिस को बताया कि माइंस मे सुरक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत हूँ। कच्चे माईंस में 21 से 22 अगस्त की मध्य रात्रि में कच्चे माइंस चाइना फिल्टर के मोटर और पैनल के बीच मे लगे सिगंल कोर फ्लैक्सीबल कापर केबल 15 नग, जो अलग-अलग चाइना फिल्टर के मोटर व पैनल के बीच मे लगा हुआ था। इस कापर केबल को अज्ञात चोर चोरी करके ले गए है। इस घटना की जानकारी 22 अगस्त को सुबह करीबन 6 बजे सुरक्षा गार्ड के द्वारा चेकिंग के दौरान पता चला। कच्चे माइंस में नियुक्त सुरक्षा गार्ड अपने-अपने स्तर पर चोरी हुए सामान का पतासाजी करने लगे, लेकिन कोई पता नही चला, जिसके कारण 12 सितंबर को पुलिस चौकी कच्चे में एफआईआर के लिए आवेदन दिया हूँ। सुरक्षा अधिकारी के अनुसार अज्ञात चोर द्वारा 24059 एमएम का 9 नग टुकड़े में कुल लंबाई लगभग 8.12 मीटर कीमती लगभग 18 हजार 879 रूपएं एवं 15059 एमएम का 6 नग टुकड़ो में कुल लंबाई लगभग 4.5 मीटर कीमत लगभग 4 हजार 179 रूपएं कुल 15 नग कुल कीमत लगभग 23 हजार 58 रूपएं की कापर केबल की चोरी किया गया है। कच्चे माईंस के सुरक्षा अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305, 331 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## हाईस्कूल बाजारकुर्रीडीह की 21 छात्राओं को मिली साइकिल



- विधायक अम्बिका मरकाम ने छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत सिहावा विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती अम्बिका मरकाम के मुख्य आतिथ्य, सरपंच धुरसिंह ध्रुव की अध्यक्षता एवं जनपद सदस्य संतोषी साहू के विशेष आतिथ्य में 21 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया जिससे उनके चेहरे खिल गये। उन्होंने शाला प्रांगण में नवनिर्मित मंच का फीता काटकर उदघाटन किया। प्राचार्य अभय राम ध्रुव, स्कूल स्टाफ एवं शाला विकास एवं प्रबंध समिति के सदस्यों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। श्रीमती अम्बिका मरकाम ने अपने उद्बोधन में सभी छात्राओं को आगे बढ़ने तथा नियमित रूप से शाला आकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसी कार्यक्रम में शाला के गणित के व्याख्याता डॉ. आशीष नायक को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित होने पर श्रीमती अम्बिका मरकाम ने उन्हें साल श्रीफल, प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। संचालन कमलेश निषाद एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य अभय राम ध्रुव ने किया।

मौके पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष नरेश मरकाम, सरपंच घुरसिंह, उपसरपंच चंद्रकिरण नेताम, परसराम मरकाम, चन्द्रबली कुंजाम, कन्हैयालाल सलाम, हेमंत ध्रुव, गोपीराम, रोहित दास मानिकपुरी, छबिलाल सिन्हा, नोहर सिंग, नीरज कुमार साहू, नीरा बाई, शिक्षकगण डॉ. आशीष नायक, कमलेश निषाद, श्रीमती सी. साहू, शिवकुमारी नेताम, भावना रामटेके, भागीरथी समेत छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने की गड्ढे की मरम्मत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शीतला मंदिर के पास डामर उखड़ने के कारण अधिक गड्ढे हो गए हैं जिसके कारण छोटी गाड़ियों को आने-जाने में तकलीफ हो रही थी। ग्रामीणों ने खुद इसकी मरम्मत की। ग्रामीणों का कहना है कि गड्ढे से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था। अधिकारी को इस ओर देखने के लिए फुर्सत ही नहीं है। ग्रामीण बाबूलाल मरकाम, धनेश मरकाम, अशोक साहू, भैयालाल मरकाम, भूपेंद्र साहू, दिनेश साहू ने गड्ढे की मरम्मत की।

## नगरी के बांधा तालाब की जनप्रतिनिधियों अधिकारी-कर्मचारियों ने की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले में स्वच्छता ही सेवा (स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता) अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में जिले के ग्रामीण सहित शहरी क्षेत्रों में जनप्रतिनिधि, स्थानीय लोगों, सामाजिक संस्था के सदस्यों, स्व सहायता समूह की महिलाओं के अलावा अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा गांव, मोहल्ला, वार्ड, तालाबों, हेण्डपम्पों, सार्वजनिक स्थलों में वृहद स्तर पर साफ-सफाई की जा रही है। इसी कड़ी में वनांचल क्षेत्र नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 9 स्थित बांधा तालाब में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा साफ-सफाई की गई। तालाब में स्थित प्लास्टिक, अनावश्यक रूप से उगे पौधे, काई की सफाई की गई। इस अवसर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत नगरी चंदन शर्मा समेत अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत वर्ष 2017 से हर साल स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है, जिससे लोगों में स्वच्छता के प्रति सोच को बदला जा सके एवं लोग सामूहिक रूप से अपने गांव क्षेत्र को स्वच्छ रखने में अपनी भूमिका निभाएं। इस साल स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की दसवीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। इसके मद्देनजर 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान-2024 मनाया जा रहा है, जिसकी थीम है स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता। इस अभियान में सभी बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभा रहे हैं।

## अच्छी फसल के लिए सत्यनारायण कथा हुई



**धमतरी**। ग्राम दानीटोला के मां शीतला मंदिर में अच्छी फसल के लिए सत्यनारायण कथा पूजा रखी गई थी। इस अवसर पर किसानों ने खेती खार के देवी-देवताओं की गरब पूजा की। मौके पर राजेंद्र नाग मां शीतला बस्ती समिति के मुरली प्रसाद साहू, ग्राम प्रमुख थानसिह साहू, कांशीराम साहू, त्रिलोकचंद साहू, मतेश्वर साहू, आशकुमार साहू, रामस्वरूप साहू, सुरेंद्र ठाकुर, उत्तम साहू, जगतराम ध्रुव, बुधारू ध्रुव, भागवत निषाद समेत अन्य उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### आज महामाया एग्रो का किसान सम्मेलन

**कुरुद।** महामाया एग्रो कुरुद डीलर ऑफ सोनालिका ट्रेक्टर की ग्यारहवीं वर्षगांठ 17 सितंबर को है, परन्तु अनंत चतुर्दशी होने की वजह से किसान सम्मेलन का आयोजन 14 सितंबर को नगर की पुरानी कृषि उपज मंडी में किया गया है। शनिवार को सुबह 11 बजे से प्रारम्भ होने वाले किसान सम्मेलन में सोनालिका ट्रेक्टर के डीआई 65 की लांचिंग भी की जाएगी। इस मौके पर प्रसिद्ध लोकगायिका आरु साहू का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। महामाया एग्रो के संचालक सत्यप्रकाश सिन्हा, विकास सिन्हा ने किसानों से उपस्थिति की अपील की है।

### गणेश विसर्जन 17 को 18 से पितृ पर्व प्रारंभ

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि इस वर्ष 17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी गणेश विसर्जन, 18 से पूर्णिमा एवं प्रतिपदा श्राद्ध पितृ पक्ष प्रारंभ होगा। 18 सितम्बर को पूर्णिमा संन्यासी श्राद्ध, 18 सितम्बर को प्रतिपदा श्राद्ध एवं पितृ बैसकी पितृ पर्व प्रारंभ, 19 सितम्बर को द्वितीय श्राद्ध, 20 सितम्बर को तृतीया श्राद्ध, 21 सितम्बर को चतुर्थी श्राद्ध, 22 को पंचमी श्राद्ध, 23 को षष्ठी श्राद्ध एवं सप्तमी श्राद्ध, 24 को अष्टमी श्राद्ध, 25 को नवमी श्राद्ध, 26 को दशमी श्राद्ध, 27 को एकादशी श्राद्ध, 29 को द्वादशी श्राद्ध, 30 सितम्बर को त्रयोदशी तेरस श्राद्ध, 1 अक्टूबर को चतुर्दशी श्राद्ध, 2 अक्टूबर को सर्वपैत्री अमावस्या श्राद्ध एवं अज्ञात तिथि वालों का श्राद्ध एवं पितर खेदा, 3 अक्टूबर को शारदीय नवरात्रंभ एवं घट स्थापना होगी। 17 सितंबर को गणेश विसर्जन किया जायेगा। किसी भी प्रकार सूर्य एवं चन्द्र ग्रहण नहीं है। अन्य देशों में ग्रहण दृश्य है लेकिन भारत में अदृश्य है।

### ड्यूज बॉल टी-20 टैलेंट सर्च प्रतियोगिता का उद्घाटन आज

**धमतरी।** जिला क्रिकेट संघ द्वारा जिले के प्रतिभावान ड्यूज बॉल क्रिकेट खिलाड़ियों हेतु आयोजित ड्यूज बॉल टी-20 टैलेंट सर्च प्रतियोगिता का उद्घाटन भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश रोहरा के मुख्य आतिथ्य में 15 सितंबर को प्रातः 10 बजे किया जायेगा। विशिष्ट अतिथि श्रीमती श्रीदेवी चौबे प्राचार्य



शासकीय पी.जी. कॉलेज तथा दीप शर्मा वरिष्ठ पत्रकार होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष शरद रणसिंह करेंगे। जिला क्रिकेट संघ के सचिव अजय बाबर ने बताया कि समस्त ब्लॉक व ग्रामों के 19 वर्ष से अधिक आयु के ड्यूज बॉल क्रिकेट खिलाड़ेयों के टेलेंट सर्च हेतु इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ड्यूज बॉल क्रिकेट को बढ़ावा देने के साथ ही प्रतिभावान खिलाड़ियों को देश एवं प्रदेश स्तर की ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में उचित मंच प्रदान करना है। इस प्रतियोगिता के संयोजक जिला क्रिकेट संघ के सहसचिव सकुश गुप्ता हैं। तैयारी में जयंत बाबर, श्रीमती अनुप्रिया शर्मा कोच, चोवाराम साहू तथा बुधारू राम जुटे हैं।

### पंजीयन के लिए कमार बसाहटों में लगेगा शिविर

**धमतरी।** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति (कमार) बसाहटों में श्रमिकों के पंजीयन के लिए शिविर लगाए जाएंगे। 14 सितम्बर को नगरी के पारथी, कोटरवाही, बासीखाई, बरबुड़ापारा, डोंगरीपारा में श्रम पंजीयन शिविर लगाया जाएगा। 16 सितम्बर को कमारडेरा लसुनवाही, सिरौदखुर्द, बहानापथरा, 19 सितम्बर को झीपाटोला, अमलीपारा, हितली, 20 सितम्बर को करैहा, टिकरापारा, 21 सितम्बर को कमारपारा भुरसीडोंगरी, आमगांव, आदिवासी पारा नवागांव, कमारपारा गढ़डोंगरी मॉल, गायतापारा कट्टीगांव, 23 सितम्बर को बगीचापारा रतावा, बांधपारा लखनपुरी, भीषमपुरी, पांवद्वार, पर्थरा उमरगांव और पोड़ागांव में श्रमिक पंजीयन शिविर लगाया जाएगा।

---

## कृषि उत्पादन आयुक्त और कृषि संचालक ने किया जिले का भ्रमण

# किसी भी किसान को गुणवत्ताहीन बीज न मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

फसल चक्र परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार एवं कृषि संचालक डॉ. सारांश मित्तर ने जिले का भ्रमण किया। बीज प्रक्रिया केन्द्र मरौद में चना, सरसों, उड़द, मूंग, रागी आदि फसलों के बीज की गुणवत्ता का भी जायजा लिया। किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज देने के निर्देश दिए।



शुक्रवार को कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार एवं कृषि संचालक डॉ. सारांश मित्तर जिले के प्रवास पर थे। रबी फसल में धान के अतिरिक्त दूसरी फसल लेने के लिए किसानों को प्रेरित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने बीज प्रक्रिया केंद्र में बीजों की गुणवत्ता का जायजा लिया। ग्राम बगौद में श्रीमती पाकिजा बेगम एवं अय्यूब खान द्वारा 16 एकड़ रकबा में देशी प्रजाति रोहू, कतला, मृगल एवं पंगास तथा 80 टेंक में विभिन्न किस्मों की सजावटी मछलियों का पालन किया जा रहा है। अधिकारियों ने किसान से चर्चा की।

#### फोर्टिफाइड धान की फसल का किया निरीक्षण

कृषि विज्ञान केन्द्र सम्बलपुर के प्रक्षेत्र में बॉयोफोर्टिफाईड धान की विभिन्न प्रजातियों की प्रदर्शन लगाई गई है। इसका भी अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इसके बाद बीज प्रक्रिया केन्द्र कलारतराई का निरीक्षण किया। इस दौरान कृषि विभाग के संचालक मछलीपालन एन.एस. नाग, अपर संचालक उद्यानिकी भूपेन्द्र पाण्डेय, अपर कलेक्टर धमतरी श्री मरकाम, संयुक्त संचालक कृषि गयाराम, उप संचालक कृषि मोनेश साहू, उप संचालक पशुपालन एम.एस. बघेल, कृषि विज्ञान केन्द्र, मत्स्यपालन एवं उद्यानिकी विभाग, बीज निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

भुसरेंगा के किसान हर्ष चन्द्राकर ने अपने फार्म हाऊस में गुलाब के साथ विभिन्न प्रकार की फसल लगाई है। उत्पादित गुलाब का प्रदेश के बाहर भुवनेश्वर (उड़ीसा) एवं रायपुर, दुर्ग के अतिरिक्त अन्य शहरों में विक्रय किया जा रहा है। किसान से अधिकारियों ने राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत गुलाब की खेती के लिए अनुदान एवं राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत कटाई उपरान्त फसल के भण्डारण के लिए पैक हाऊस के लिए राशि 2 लाख का अनुदान के संबंध में चर्चा की।

---

## रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण और अपीलीय अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगरीय निकायों एवं त्रि स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024 के तहत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण और अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया है।

उन्होंने त्रि स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन हेतु जिले के लिए अपर कलेक्टर को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया है। संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और संबंधित तहसीलदार को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। इसी तरह नगरीय निकायों के आम निर्वाचन हेतु अपील प्राधिकारी के कृत्यों के सम्पादन के लिए पदाभिहित अधिकारी अपर कलेक्टर को नियुक्त किया है। नगरपालिक निगम धमतरी, नपं आमदी के लिए अनुविभागीय अधिकारी को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं नपं कुरूद, मगरलोड, भखारा के लिए अनुविभागीय अधिकारी कुरूद तथा नपं नगरी के लिए अनुविभागीय अधिकारी नगरी को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह संबंधित तहसीलदारों को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

---

## आमदी में महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन की तर्ज पर बना गणेश पंडाल



■ सुंदरता और वास्तुकला को देखने उमड़ रहे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)

नगर आमदी के दंतेश्वरी चौक पर आदर्श गणेशोत्सव समिति द्वारा निर्मित गणेश झांकी पंडाल का शुभारंभ धूमधाम से किया गया। यह पंडाल महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन की तर्ज पर बनाया गया है, जिसकी ऊंचाई 40 फीट है, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र बन गया है।

नगर पंचायत अध्यक्ष हेमन्त माला ने गणेश प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर झांकी का शुभारंभ किया। उनके साथ उपाध्यक्ष तेजराम साहू, नीलकंठ साहू, पार्षद उमानंद कुम्भकार, हेमनू कुम्भकार, पार्षद श्रीमती सुनीता, शिक्षक बघेल, ईश्वर साहू और सोनउ साहू उपस्थित थे।

शुभ मुहूर्त में आयोजित इस उद्घाटन समारोह में सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया और गणपति बप्पा के दर्शन कर उनकी पूजा-अर्चना की। भक्तों ने झांकी की भव्यता और अद्वितीयता की प्रशंसा की। यह महाकालेश्वर मंदिर की सुंदरता और वास्तुकला की छवि को साकार करता है। आदर्श गणेशोत्सव समिति के पदाधिकारी लव साहू, किशन कुम्भकार, योगेंद्र साहू, पारसमणि, तुलेन्द, इंद्र कुमार, पीयूष कुम्भकार, लव कुम्भकार ने बताया कि यह पंडाल हमेशा खुला रहेगा। श्रद्धालु दिन-रात दर्शन कर सकेंगे। गणपति बप्पा से सुख-समृद्धि की कामना करने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने भक्त आ रहे हैं।

---

## सांकरा का अटल व्यवसायिक काम्प्लेक्स जर्जर





हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

■ कभी भी हो सकती है जन-धन की हानि

ग्राम सांकरा के नंदी चौक के समीप अटल व्यवसायिक काम्प्लेक्स जर्जर हो चुका है। उसके आसपास कचरों का ढेर लगा रहता था। विगत दिनों ग्राम पंचायत द्वारा व्यवसायिक काम्प्लेक्स के पीछे साफ सफाई करवाई गई थी। ग्रामीणों ने कहा कि जर्जर व्यवसायिक काम्प्लेक्स को देखकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को उपलेखन कार्य का आदेश जारी करना चाहिए। व्यवसायियों ने उस जर्जर व्यवसायिक काम्प्लेक्स की जानकारी दी है फिर भी ग्राम पंचायत द्वारा कोई उचित पहल नहीं की गई। सरपंच शशि ध्रुव ने इस मामले में बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा जर्जर भवन के उपलेखन हेतु नगरी अनुविभागीय अधिकारी को आवेदन प्रेषित किया गया है। जैसे ही आदेश आयेगा, उपलेखन किया जायेगा। इस मामले पर अनुविभागीय अधिकारी नगरी पवन कुमार प्रेमी ने कहा कि इस प्रकरण के बारे में मुझे मालूम नहीं है। आरईएस जनपद सीईओ ही बता पायेंगे।

## आरेंज ट्रेड सेंटर का शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नेशनल हाईवे मार्ग अर्जुनी चौक के पास आरेंज ट्रेड सेंटर का निर्माण किया गया है जिसकी लांचिंग 14 एवं 15 सितंबर को सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक की जाएगी। इच्छुक व्यवसायी आफर रेट में अपनी जगह सुरक्षित कर सकते हैं।

ट्रेड सेंटर के संचालकों ने बताया कि यह शहर का सबसे बड़ा बिजनेस हब साबित होगा। जहां एक ही परिसर में तरह-तरह के व्यवसाय संचालित होंगे। ग्राहकों को भी खरीदारी में सहूलियतें होंगी। नेशनल हाइवे मार्ग में होने की वजह से यह लोकप्रिय बिजनेस हब साबित होगा।

## भृत्य कल्याण संघ की बैठक 15 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ कुरूद ब्लाक की मासिक बैठक 15 सितम्बर रविवार को सुबह 10 बजे खेल मैदान कुरूद में रखी गई है। ब्लाक अध्यक्ष हरिराम ध्रुव, सचिव किशोर कुमार साहू एवं मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू ने सभी सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की है।

---

## बच्चों के पोषण स्तर की जांच से बच्चे होंगे सुपोषित : शारदा



■ मड़ेली के आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्योहार मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

ग्राम मड़ेली के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रतिवर्ष बच्चों में कुपोषण का स्तर ज्ञात करने के लिए वजन त्योहार का आयोजन किया जाता है। जिले में 12 सितंबर को वजन त्योहार का शुभारंभ हुआ। सेक्टरवार अलग-अलग तिथियों में 23 सितम्बर तक वजन त्योहार मनाया जायेगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए शारदा साहू जनपद अध्यक्ष कुरूद ने कहा कि वर्ष 2012 से बच्चों का पोषण स्तर ज्ञात करने प्रतिवर्ष वजन त्योहार का आयोजन किया जाता है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में 6 वर्ष से कम उम्र के अध्ययनरत बच्चों का वजन लिया जा रहा है। बच्चों के पालकों को वजन हेतु आंगनबाड़ी केन्द्र में कब आना है, इसकी सूचना आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पालकों को दी गई है। इस दौरान पालक अपने 6 वर्ष के कम उम्र के बच्चों का वजन निर्धारित तिथियों में आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचकर अनिवार्य रूप से कराएं। बच्चों की उंचाई एवं वजन का माप कर पोषण स्तर ज्ञात किया जाएगा। इस अवसर पर सेक्टर सुपरवाइजर अरुण मिश्री, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रुक्मणि साहू, नीमा खडतीय, दुलारी लहरे, कुमारी साहू, खुमेश्वरी, तारामती, मीना, वीना, महेश्वरी साहू, यशोदा साहू, दिव्या सहित बड़ी संख्या में पालक उपस्थित थे।

---

## आदिवासी समाज ने किया रेला-पाटा के साथ जोहार भेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

आदिवासी समाज के पर्व नवाखाई के दूसरे दिन हिर्रीडीह के सभी महिला-पुरूष एवं लया-लयोर अपनी वेश-भूषा एवं मादरी धुन के साथ रेला-पाटा करते ग्राम पटेल के घर जोहार भेंट किया। ठाकुर जोहरनी की गई। मौके पर ग्राम पटेल हीरालाल नेताम, ग्रामीण अध्यक्ष परदेशी मरकाम, हलाल नेताम, जोहनराम नेताम, रामेश्वर नेताम, कोमल नेताम, रामकुमार मरकाम, श्रवण नेताम, बैदराम नेताम, छेरकू मरकाम, चैनसिंह मरकाम, राजेश्वर नेताम, बिसनु नेताम, देवेश कुमार मरकाम, लक्ष्मीनाथ मरकाम, भूपेंद्र मरकाम, पूजा मरकाम, योगेंद्री मरकाम, मनीषा नेताम, पांचो मरकाम, तृपती नागेश, बबली नेताम, चंद्रकला ठाकुर, दीपिका मरकाम, वीणा मरकाम समेत अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

## विधायक ने किया बालिकाओं को साइकिल का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय हाईस्कूलबाजार कुर्रीडीह की बालिकाओं को विधायक अंबिका मरकाम ने साइकिल का वितरण किया। इस अवसर पर क्षेत्र की विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि निश्चित तौर पर आज भागदौड़ की जिंदगी में समय का विशेष महत्व है खासकर पढ़ाई के क्षेत्र में।

इसके लिए सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत साइकिल का वितरण कर रहे हैं। निश्चित तौर पर बालिकाओं को स्कूल आने-जाने की जो समस्या थी, उससे निजात मिलेगी। अब बालिकाएं रोज साइकिल से विद्यालय आ पाएंगी जिससे समय की बचत होगी और पढ़ाई करने में भी उन्हें समय मिलेगा। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुकरेल के वरिष्ठ जन, कार्यकर्ता, ग्रामीणजन सहित छात्र-छात्राएं व शाला विकास समिति के सदस्य एवं प्राचार्य व अन्य शिक्षक- शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## राशन दुकान को वार्ड में संचालित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 13,14, 15 के राशन कार्डधारियों को मुण्डा महाल में राशन वितरण किया जा रहा है। उसकी दूरी 3 किमी है। 1500 कार्डधारी हैं। उन्हें आने जाने में काफी दिक्कत हो रही है। बुजुर्ग महिलाओं को काफी परेशानी होती है। स्थिति को देखते हुए जिस जगह पर संचालित हो रही थी, उस जगह पर राशन दुकान को संचालित करने की मांग की है। इस सबंध में अनुविभागीय अधिकारी नगरी को आवेदन दिया गया।



बुजुर्ग महिलाओं को चावल खुद वजन करना पड़ता है। वार्डवासियों ने बताया कि राशन दुकान के खोलने व बंद करने का कोई समय नहीं है। चना-शक्कर का वितरण 2 माह से नहीं हुआ है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

## कृषि मंत्री को शिवपुराण कथा में शामिल होने दिया आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कुकरेल में 20 से 24 सितम्बर तक पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथावाचक प्रदीप मिश्रा होंगे। समिति के सदस्य हेमराज सोनी, कपिल चौहान, मुकेश राव नन्नावरे, आलोक जैन, प्रदीप पांडे, शक्ति सोनी ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम को शिवपुराण कथा में शामिल होने का आमंत्रण दिया।



### करैहा में कबड्डी 17 को

**नगरी।** राजमिस्त्री संघ ग्राम करैहा नयापारा के संयुक्त तत्वावधान में विश्वकर्मा जयंती पर 17 सितम्बर को एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रथम पुरस्कार 5051, द्वितीय 3051, तृतीय पुरस्कार 1551 रुपये रखा गया है। आयोजन की तैयारी में अध्यक्ष सेवकराम मंडावी, उपाध्यक्ष ब्रम्हानंद नेताम, सचिव मंशाराम यादव, कोषाध्यक्ष हेमलाल साहू जुटे हुए हैं।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969



By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
23 सितंबर 2024
10 नवंबर 2024
10 जनवरी 2025 मकर संक्राति
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 17,500/-, 3AC-27,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com


रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411